आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए मजबूत जलवायु कार्रवाई और वैश्विक सहयोग का आह्वान किया।
2. द्वीपों के उपराज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय में द्वीप समूह की पर्यावरण और जलवायु स्थिति पर चर्चा की ।
3. दूरदर्शन और आकाशवाणी श्री विजयपुरम में कल हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।
4. द्वीप समूह में आज और अगले दो दिनों तक एकाध स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित ओएनजीसी सेंटर में भूविज्ञान विभाग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान, विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के साथ अंडमान निकोबार द्वीप समूह की पर्यावरण और जलवायु स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी सहित विश्वविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य और विशेषज्ञ उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि हाल के दिनों में आई कई प्राकृतिक आपदाओं से स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए ठोस प्रयास जरूरी हैं। नई दिल्ली में पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता के भविष्य विषय पर आयोजित सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय जलवायु जोखिम को लेकर गंभीर चेतावनी दे रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से जैव विविधता में कमी, जल संकट और भूमि क्षरण जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रपति ने पर्यावरण संबंधी कानूनी मामलों में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण

की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरण ने बड़ी संख्या में मामलों का तेजी से निपटारा किया है और नदियों, वायु गुणवत्ता तथा कचरा प्रबंधन से जुड़े मामलों में प्रभावी अनुपालन व्यवस्था विकसित की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पर्यावरण संरक्षण में आम लोगों और युवाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि मिशन लाइफ के जरिए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत के आह्वान पर 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। सीबीएसई के अनुसार, इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, रोकथाम और स्वस्थ तथा जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से विद्यार्थियों से सीधे संवाद करना था।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप वन प्रभाग की ओर से राधानगर के ब्लू फ्लैग बीच, में सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों से समुद्र तटों को कचरा मुक्त बनाने की अपील की गई। इस अभियान में 300 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, एक सतत एवं पर्यावरण–अनुकूल पर्यटन उद्योग के लिए तटीय पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण पहल के तहत तट के किनारे लगभग 20 पौधे लगाए गए। इस तटीय सफाई अभियान को 'प्लोगिंग' नाम दिया गया। जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने और तटीय संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान और सेल्फी कॉर्नर भी शामिल किया गया। इसके अलावा, बच्चों के लिए आयोजित पोस्टर और सैंड आर्ट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए समुद्र तट परिसर पर क्यूआर कोड लगाए गए।

<><><><><><><>

दूरदर्शन और आकाशवाणी श्री विजयपुरम की ओर से इस वर्ष भी संयुक्त रूप से हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी के सम्मेलन कक्ष में हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर पद्मश्री नरेश चन्द्र लाल मुख्य अतिथि तथा राजभाषा विभाग के उप–सचिव सह सदस्य सचिव राजेन्द्र इंदीवार सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता उप–महानिदेशक सी सुब्बा राव करेंगे।

<><><><><><><><>

द्वीप समूह में आज और अगले दो दिनों तक एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। हवा की गति 40–50 किमी प्रति घंटा रहेगी, जिसके बढ़कर 60 किमी प्रति घंटे तक पहुँचने की संभावना है। मछुआरों को 24 सितंबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए शारीरिक माप एवं दक्षता परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसमें दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और शारीरिक माप शामिल हैं। आज से तेईस सितंबर तक कार निकोबार में, पांच अक्टूबर से सात अक्टूबर तक कैंपबेल बे में, जबकि श्री विजयपुरम में तेरह अक्टूबर तक शारीरिक परीक्षा जारी रहेगी। परीक्षण केंद्र, तिथि और रिपोर्टिंग समय की सूची पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर निर्धारित केंद्रों पर पहुंचने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अंडमान निकोबार पुलिस के भर्ती प्रकोष्ठ से सभी कार्य दिवसों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ ने त्रैवार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता प्रिजित रेख मुख्य अतिथि, जबकि स्वामी शुद्धानंद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता ने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से जल संरक्षण

करने तथा द्वीपों में जल संकट से निपटने के लिए वर्षा जल का उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में महासचिव एस. बीजू पिल्लई ने द्वीपों में महासंघ के गठन की जानकारी दी।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में जुलाई 2027 सत्र के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से कक्षा 8वीं में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज प्रवेश परीक्षा का आयजन किया जाएगा। परीक्षा छः दिसम्बर को आयोजित होगा। परीक्षा के लिए 30 सितंबर शाम पांच बजे तक examinationservices.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><>